*This question paper contains 6 printed pages.*

**6883-A** *Your Roll No.* ....................................

LL.B. / III Term G

Paper LB-3035— CARRIAGE BY LAND, SEA AND AIR AND LAW RELATING TO MOTOR VEHICLES

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Write short notes on any *two*:

   (a) Multiplier Theory

   (b) Air Consignment Note

   (c) Annual Dependency Theory.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(a) बहुविध (बहुरूप) सिद्धांत

(b) वायु प्रेषण अभिलेख

(c) वार्षिक निर्भरता सिद्धांत। 2×10

2. M/S Taneja and Sons first delivered some consignment of coffee to the feeder service arranged by M/S Ahuja Navigation Co. for transporting by Yamuna River. The consignment was misappropriated while being transported by the feeder service. The consignor M/S Taneja & Sons has filed a claim for compensation from M/S Ahuja Navigation Co.

Advise M/S Taneja & Sons about the legal principles relevant to their claim for compensation with the help of decided cases.

M/S तनेजा एण्ड संस ने कॉफी का एक प्रेषण M/S अहूजा नेविगेशन कं०, जो एक सहायक सेवा प्रदाता है, को दिया। यह प्रेषण यमुना नदी से आगे भेजा जाना था। यह प्रेषित माल सहायक सेवा द्वारा ढुलाई के समय गबन कर लिया गया। प्रेषक M/S तनेजा एण्ड संस ने अहूजा नेविगेशन कं० पर क्षतिपूर्ति के लिये दावा किया है।

निर्णीत वादों की सहायता से M/S तनेजा एण्ड संस को क्षतिपूर्ति के उनके दावे के प्रासंगिक न्यायिक सिद्धांतों से अवगत कराइये। 20

3. Ms. Reema Malhotra, a 34 year old widow working in transport department was hit by Lucknow Transport Corporation bus and after a month of hospitalisation she succumbed to the injuries arising out of accident. She was earning Rs. 50,000/- per month and is survived by her old age parents and 2 minor children.

Advise her dependents for claiming compensation by citing relevant judicial decisions.

यातायात विभाग में कार्यरत 34 वर्षीय विधवा रीना मलहोत्रा को लखनऊ ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन की बस ने टक्कर मार दी जिसके फलस्वरूप एक महीने के अस्पताल में इलाज के बावजूद वह मर गई। मृत्यु के समय वह 50 हजार रुपये प्रति महीना कमा रही थी और वह अपने पीछे अपने वृद्ध माता-पिता तथा दो अवयस्क बच्चे छोड़ गई है।

प्रासंगिक न्यायिक निर्णयों के संदर्भ में उसके आश्रितों को क्षतिपूर्ति माँगने के लिये सलाह दीजिए। 20

4. Write short notes on any *two*:

(a) Solatium Fund Scheme

(b) Act of God

(c) Bill of Lading.

किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(a) क्षतिपूर्ति राशि कोष योजना

(b) ईश्वर कृत्य

(c) लदान पत्र। 2×10

5. Discuss relevant provisions to grant immediate relief to a road accident victim without examining the defenses available for the owner or insurer of the vehicle involved. Comment in the light of decided cases on the issue.

सड़क दुर्घटना पीड़ित को, गाड़ी के मालिक तथा बीमाकर्त्ता के बचाव का परीक्षण किये बिना, तुरन्त राहत दिलाने वाले प्रासंगिक प्रावधानों का विवेचन कीजिए। निर्णीत वादों के प्रकाश में मुद्दे पर टिप्पणी कीजिए। 20

6. (a) Explain the concept of Third Party Insurance.

तृतीय पक्ष बीमा की अवधारणा को समझाइए। 5

(b) "Insurance of motor vehicles against the third party risk is a relaxed and liberal provision in the Motor Vehicle Act, 1988 drafted with the noble objective of compensating innocent victims of road accidents."

Critically discuss the statement focussing on the recent changes in the law and judicial pronouncements.

"मोटर वाहन अधिनियम, 1988, जिसे सड़क दुर्घटना के बेगुनाह पीड़ित को क्षतिपूर्ति दिलाने के उत्कृष्ट लक्ष्य से बनाया गया था, में मोटर वाहन का बीमा तृतीय पक्ष रिस्क के विरुद्ध एक नरम और उदार प्रावधान है।"

उपरोक्त कथन का कानून में हाल ही में हुए बदलाव और न्यायिक कथनों पर विशेष प्रकाश डालते हुए आलोचनात्मक विवेचन कीजिए। 15

7. Comment on the scope of liability of Railway authorities in case of death or injury to passenger as per the legal and judicial developments.

यात्री को क्षति या उसकी मृत्यु होने पर रेलवे के अधिकारियों के दायित्व के क्षेत्र पर न्यायिक तथा कानूनी विकास पर टिप्पणी कीजिए। 20

8. (a) Explain the essential requirement of contract of affreightment.

माल संविदा के अनुबंध के लिये आवश्यक जरूरतें समझाइए। 5

(b) A ship owned by M/S Rehman Shipping Co. was into the business of transporting goods by sea. The consignment delivered by M/S Amish Associates Co. which was being transported by the ship, was found damaged on its arrival at the destination. Prepare arguments for the consignor in a claim for compensation based on its rights.

M/S रहमान शिपिंग कं० का एक जहाज समुद्र से सामान के यातायात का व्यापार कर रहा था। M/S अमीश एसोसियेट कम्पनी द्वारा प्रेषित एक माल जो, जहाज से भेजा जा रहा था, गन्तव्य पर पहुँचने पर क्षतिग्रस्त स्थिति

में पाया गया। उसके अधिकारों के आधार पर प्रेषक के लिये क्षतिपूर्ति दावे के लिये तर्क तैयार कीजिए। 15